D.A.V. PUBLIC SCHOOL
No. 19, Sitaram Nagar, Velachery, Chennai – 42

डी. ए .वी. चेन्नई में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

जागरूकता का प्रसार और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए 18 जून 2024 को डी. ए .वी. पब्लिक स्कूल,चेन्नई में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने इसकी मेज़वानी की।

इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस- 2024 के लिए निर्धारित थीम 'भूमि बहाली मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन' है, जिसका नारा है,'हमारी भूमि, हमारा भविष्य' ।इस अवसर पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण तमिलनाडु और पुदुचेरी की निदेशिका डॉ.भवानी रामनाथन अतिथि के रूप में पधारीं। शिक्षक प्रभारी सुश्री सुजाता एम.ने उनका स्वागत किया। सुश्री सोफ़िया ने अतिथि महोदया का संक्षिप्त परिचय दिया और उनके कार्यों से दर्शकों को अवगत कराया। आठवीं कक्षा की श्रेयाशी स्वैन ने 'इको क्लब' के अंतर्गत विद्यालय में हो रही विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। वैश्विक तापमान में हो रही वृद्धि के कारण आज सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रकृति की स्थिति और उसे संरक्षित करने के तरीके ओजपूर्ण स्वर से कक्षा आठवीं के विद्याथियों ने कविता प्रस्तुत कर समझाया ।कक्षा सातवीं के छात्र -छात्राओं ने पैनल चर्चा द्वारा ई-अपशिष्ट प्रबंधन और

ई-कचरे को न्यूनतम करने में उपयोगकर्ताओं की ज़िम्मेदारी को समझाया ।कक्षा नौवीं के छात्र -छात्राओं ने ने शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शित कर प्रकृति की सुंदरता और उसके संरक्षण की तत्काल आवश्यकता को दर्शाया ।इसकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगाए। कार्यक्रम के अंत में अतिथि महोदया ने बच्चों को जलवायु परिवर्तन के विषय में विस्तार से समझाया तथा हम सब के ऊपर मंडरा रहे संकट से निपटने के लिए विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से हुआ।

गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए विद्यार्थी वृंद

ई-अपशिष्ट प्रबंधन पैनल चर्चा

अतिथि का स्वागत करते हुए शिक्षक प्रभारी सुश्री सुजाता

छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए अतिथि डॉ.भवानी

प्रकृति की सुंदरता और उसकी रक्षा - नृत्य प्रस्तुति

प्रकृति की पुकार -काव्य गान